हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
25 अप्रैल 2024, समय 1810

- हरियाणा के विभिन्न ज़िलों में इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और VVPAT की पहली रैंडमाइज़ेशन के बाद सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए बैलेट एवं कन्ट्रोल यूनिट और VVPAT मशीनें आवंटित की गई।
- हरियाणा सेवा की अधिकार आयोग ने झज्जर के बादली में पंजाब नेशनल बैंक के तत्कालीन शाखा प्रबंधक संजीव किशोर रोहतगी पर निर्धारित समय में अधिसूचित सेवा न देने पर 3 हज़ार रूपये का जुर्माना लगाया।
- बहुजन समाज पार्टी ने भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से कमांडर सुनील शर्मा को अपना प्रत्याशी घोषित किया।
- हरियाणा सिक्ख गुरूद्वारा प्रबंधक समिति ने समिति के शिक्षण संस्थानों में गुरूसिक्ख अभिभावकों के गुरसिक्ख विद्यार्थियों की पूरी फीस माफ करने की घोषणा की।
- जे.ई.ई. मेन्स परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ। 56 विद्यार्थियों ने 100 परसेंटाइल प्राप्त किए।

.............................................................................................

आज हरियाणा के विभिन्न ज़िलों में इलैक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और VVPAT की पहली रैंडमाइज़ेशन की गई।

भिवानी, अंबाल, रोहतक और पंचकूला से हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि इस पूरी गतिविधि की वीडियोग्राफी भी करवाई गई। रैंडमाइज़ेशन के अनुसार, कम्प्यूटरीकृत प्रणाली के माध्यम से सभी विधानसभा क्षेत्रों को इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें आवंटित की गई।

अंबाला ज़िले में नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए 242 बैलेट यूनिट, 242 कन्ट्रॉल यूनिट एवं 263 VVPAT मशीनें आवंटित की गई। इसी प्रकार अंबाला छावनी के लिए 223 बैलेट यूनिट, 223 कन्ट्रॉल यूनिट और 242 VVPAT, अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र के लिए 299 बैलेट यूनिट, 299 कन्ट्रॉल यूनिट और 325 VVPAT मशीनें आवंटित की गई। इसी प्रकार मुलाना विधानसभा क्षेत्र को 301 बैलेट यूनिट, 327 VVPAT और 301 कन्ट्रॉल यूनिट आवंटित किए गए।

इस तरह अंबाला में कुल 927 मतदान केंद्रों के लिए एक हज़ार 65 बैलेट और कन्ट्रॉल यूनिट एवं एक हज़ार, 157 VVPAT मशीनें दी गई।

पंचकूला में अंबाला लोकसभा क्षेत्र के दो विधानसभा हलकी पंचकूला और कालका को 521 VVPAT मशीनें और 247 बैलेट यूनिट एवं कन्ट्रॉल यूनिट आवंटित किए गए।

हमारी संवाददाता ने बताया है कि पंचकूला विधानसभा क्षेत्र में 253 VVPAT और 233 बैलेट एवं कन्ट्रॉल यूनिट व कालका विधानसभा क्षेत्र 268 VVPAT और 247 बैलेट व कन्ट्रॉल यूनिट भिजवाये जायेंगे। इन मशीनों को पंचकूला के सेक्टर एक स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बने स्ट्रांग रूम और कालकाके लिए सेक्टर 14 में स्थापित स्ट्रांग रूम में रखवाया जायेगा।

रोहतक से हमारे संवाददाता ने बताया है कि रोहतक के चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिए 934 बैलेट व कन्ट्रॉल यूनिट तथा एक हज़ार 16 VVPAT मशीनें आवंटित की गई।

रोहतक के ज़िला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार ने बताया है कि ज़िले के चारों विधानसभा क्षेत्रों के 814 मतदान केंद्रों से 15 प्रतिशत अधिक अधिक इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें तथा 25 प्रतिशत अधिक VVPAT यूनिट आवंटित किए गए।

........................................................................................................

हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने झज्जर के बादली में पंजाब नेशनल बैंक के तत्कालीन शाखा प्रबंधक संजीव किशोर रोहतगी पर अधिसूचित सेवा, निर्धारित समय अवधि में न देने पर तीन हज़ार  रूपये का जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना राज्य के खजाने में जमा कराना होगा और चालान की रसीद आयोग को आदेश के 30 दिनों के भीतर सौंपनी होगी, अन्यथा जुर्माना जमा न करवाने पर कानून अनुसार वसूली की जायेगी।

आयोग के प्रवक्ता ने बताया कि मुख्य आयुक्त टी.सी. गुप्ता ने इस मामले का स्वत: सज्ञान लेते हुए 10 अप्रैल को सुनवाई की और सुनवाई के दौरान संजीव किशोर रोहतगी ने ऋण वितरण न होने का कारण आवेदन का सिविल स्कोर संतोषजनक न होना बताया और मौजूदा शाखा प्रबंधक अमरप्रीत ने भी यही बात रखी। हालांकि इस मामले में 21 अप्रैल 2022 को ऋण की सैद्धांतिक मंजूरी हुई थी और आवेदक के लिए 23 अप्रैल 2022को पशुओं की खरीदारी भी की थी। श्री गुप्ता ने इस बात को गंभीरता से लिया और कहा कि सैद्धांतिक मंजूरी देने से पहले प्रारंभिक चरण में भी बैंक को सिविल स्कोर देखना चाहिए था, ताकि गरीब आवेदक पशुओं की खरीद पर खर्च होने वाला पैसा समय और सभी गतिविधियों में होने वाली परेशानी से बचाया जा सकता।

........................................................................................................

बहुजन समाज पार्टी ने भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से कमांडर सुनील शर्मा को अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

आज भिवानी में बहुजन समाज पार्टी के हरियाणा, चंडीगढ़ और पंजाब के प्रभारी रणधीर सिंह बेनीवाल ने प्रदेशाध्यक्ष राजबीर सोरखी और प्रदेश महासचिव कृष्ण जमालपुर की उपस्थिति में यह घोषणा की।

इस अवसर पर कमांडर सुनील शर्मा ने कहा कि वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से जनता को बहुजन समाज पार्टी की नीतियों से अवगत करवायेंगे।

..............................................................................................

हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के प्रधान भूपेंद्र सिंह् असंध ने आज कुरुक्षेत्र में कहा कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के शिक्षण संस्थानों में गुरसिख अभिभावकों के गुरसिख विद्यार्थियों की पूरी फीस माफ की जाएगी।

एक पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इससे न केवल गुरसिख विद्यार्थियों को आर्थिक रूप से सहयोग मिलेगा, बल्कि वे अपने धर्म के प्रति सजग हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही संगत को रात्रि विश्राम की सहूलियत देने के लिए ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री पंजोखरा साहिब पातशाही आठवीं में सराएं बनाई जाएगी, जिसका नींव पत्थर गत दिवस रखा गया है। इस सराएं में 50 कमरों के साथ हॉल भी होंगे। साथ ही अंबाला शहर के ऐतिहासिक गुरुद्वारे में भी आंनद कारज करवाने के लिए दीवान हाल एवं कार्यालय भवन का शिलान्यास किया गया है।

उन्होंने कहा कि अमृतसर के श्री हरमंदिर साहिब को देश की राजधानी दिल्ली से जोडऩे वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति 100 कमरों की सराएं बनाएगी। अंबाला के निकट श्री गुरु ग्रंथ साहिब भवन शाहपुर में खाली पड़ी भूमि पर यह सराएं बनाने की योजना है।

..............................................................................................

राष्ट्रीय परीक्षा ऐजेंसी एनटीए ने जे.ई.ई. मेन्स 2024 का परिणाम घोषित कर दिया है। परीक्षार्थी एन.टी.ए. जे.ई.ई. की अधिकारिक वेबसाइट jeemain.nta.ac.in. पर जा कर अपना परिणाम देख सकते हैं।

जे.ई.ई. मेन्स 2024 के दूसरे सत्र की परीक्षा 4, 5, 6, 8, 9, और 12 अप्रैल को ली गई थी। एन.टी.ए. ने 21 अप्रैलको अंतिम आंसवर की जारी कर दी थी। इस बार की परीक्षामें 56 परीक्षार्थियोंने 100 परसेंटाइल हासिल किए है।

..............................................................................................

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन कार्यालय ने इस बार लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करने के लिए कई अनूठी पहल की है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने बताया कि इस बार हरियाणा में मतदान प्रतिशत 75 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य है इसलिए पहली बार 30 विधानसभा क्षेत्रों में हाल ही में जारी की गई "वोटर इन क्यू " मोबाइल एप की सुविधा देने के ईलावा मतदाताओं को इस बार मतदान के लिए बुलाने हेतु ब्याह-शादी की तरह निमंत्रण पत्र भेजे जा रहे हैं ।

श्री अग्रवाल ने इस अनूठी पहल के बारे में बताया कि यह निमंत्रण पत्र शादी के निमंत्रण पत्र की तरह तैयार किया गया है, जिसमें लिखा गया है "भेज रहे हैं, स्नेह निमंत्रण, मतदाता तुम्हें बुलाने को, 25 मई भूल न जाना, वोट डालने आने को" इतना ही नहीं, निमंत्रण पत्र में मतदाताओं के नाम संदेश भी है कि निर्वाचन आयोग के द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार लोकसभा चुनाव के मंगल उत्सव की पावन बेला पर मतदान करने हेतु आप तय दिवस व समय पर सपरिवार सादर आमंत्रित हैं। कार्यक्रम स्थल आपका मतदान केंद्र है। उन्होंने बताया कि मतदान 25 मई को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक होगा। उन्होंने बताया कि शादी समारोह की तरह बूथ पर बूथ लेवल अधिकारी मतदाताओं का स्वागत करेंगे

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करने हेतु शपथ भी दिलाई जा रही है और नागरिक शपथ ग्रहण समारोहों में बढ़-चढ़ कर भाग ले रहे हैं।

श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश में नये मतदाताओं के पंजीकरण की अंतिम तिथि कल है, इसलिए यदि अभी भी किसी पात्र नागरिक ने अपना वोटर कार्ड नहीं बनवाया है, तो वे तुरंत बनवा लें। उन्होंने बताया कि अभी तक प्रदेश में पंजीकृत मतदाताओं की संख्या 1 करोड़ 99 लाख 81 हजार 982 है। इनमें 1 करोड़ 6 लाख 4 हजार 276 पुरुष तथा 93 लाख 77 हजार 244 महिला मतदाता हैं। इसके अलावा, 462 ट्रांसजेंडर मतदाता भी पंजीकृत हैं।

..........................................................................................................

भिवानी जिले के नाथुवास गांव की 103 वर्षीय महिला हरदेई देवी की उम्र का आंकड़ा भले ही 100 से पार जा चुका है, लेकिन उनमें मतदान का जज्बा अभी भी बरकरार है। वह सभी मतदाताओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनी हुई है। भिवानी जिला में बुजुर्ग वोटर की बात की जाए तो 13 हजार 175 बुजुर्ग मतदाता है।

जिले में सबसे बुजुर्ग महिला मतदाता गांव नाथुवास की हरदेई देवी ही है, जो आजादी के बाद से शुरू हुए लोकतंत्र के इस महापर्व में हर बार भाग लेती आ रही हैं। अब यह बुजुर्ग महिला हरदेई देवी युवाओं को भी वोट का महत्व बताते हुए मतदान करने के लिए प्रेरित कर रही है। उन्होंने कहा कि वे ऐसे उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करेगी, जो देश के विकास की दिशा में कार्य करें। हरदेई देवी ने कहा कि स्वतंत्र भारत में वर्ष 1952 में हुए पहले चुनाव में उन्होंने मतदान किया था। उस अनुभव को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता।

..........................................................................................................